परियोजना का नाम– जनपद अल्मोडा के विधानसभा क्षेत्र जागेश्वर के अंर्तगत शहरफाटक से ग्राम दो घोड़िया तक मोटर मार्ग का निर्माण। लम्बाई 5.00 कि0मी0

संलग्नक सं0–2.1

प्रस्ताव के बारे में विवरण एवं प्रस्ताव की औचित्य एव आवश्यकता

इस मार्ग की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति शासनादेश सं0–**813/III(2)/15 –03 (मु0मं0घो0)/2014, दिनांक 17 मार्च, 2015** के द्वारा 5.00 कि0मी0 की लम्बाई हेतु रू 42.48 लाख की स्वीकृति प्राप्त है। यह मोटर मार्ग पूर्व निर्मित अल्मोड़ा–शहरफाटक–मोरनौला मोटर मार्ग के कि0मी0 69.00 से प्रस्तावित किया गया है। यह प्रस्तावित मोटर मार्ग वन पंचायत भूमि, आरक्षित वन भूमि एवं नाप भूमि से होकर गुजरता है। ग्राम–डोल, दौ में कोई भी मोटर मार्ग न होने के कारण यह मोटर मार्ग बनना प्रस्तावित किया गया है। इस मोटर मार्ग के बन जाने से स्थानीय लोगों को अस्पताल, बाजार व स्थानीय उत्पादों को बाजार पहुॅचाने की सुविधा प्राप्त होगी। ग्राम– डोल एवं दौ में मोटर मार्ग न होने के कारण स्थानीय लोग शहरों की ओर पलायन कर रहे है। इस प्रस्तावित मोटर मार्ग के बन जाने से स्थानीय लोगों का पलायन रूकेगा। ग्राम– डोल एवं दौ में सब्जी उत्पादन प्रचुर मात्रा में होता है जिसे बाजार तक पहुचाने हेतु मोटर मार्ग की नितान्त आवश्यकता है। प्रस्तावित मोटर मार्ग के लिए वैकल्पिक उचित स्थान उपलब्ध नहीं है। इस मोटर मार्ग के बन जाने से स्थानीय लोग काफी लाभान्वित होंगे।

संरेखण न0–1(लाल रंग से):– इस संरेखण को नक्शे में लाल रंग से दर्शाया गया है। इस प्रस्तावित मोटर मार्ग में वन पंचायत, आरक्षित वन भूमि एवं नाप भूमि प्रभावित होती है। इस मोटर मार्ग की लम्बाई 5.00 कि0मी0 आती है।

संरेखण न0–2(नीले रंग से):– इस संरेखण को नक्शे में नीले रंग से दर्शाया गया है। इस प्रस्तावित मोटर मार्ग में आरक्षित, नाप भूमि प्रभावित होती है। इस मोटर मार्ग की लम्बाई 5.00 कि0मी0 आती है।

इस संरेखन मे अत्यधिक आरक्षित भूमि आती है जिससे वृक्षों का अत्यधिक पातन हो रहा है। जिस कारण संरेखण सं0 2 को निरस्त किया गया।

अतः जनता की सुविधा, भूमि की उपलब्धता, ढाल तथा आर्थिक व तकनीकी बिन्दुओं को दृष्टिगत रखते हुऐ संरेखण सं0 1(लाल रंग से) उपयुक्त पाया गया है इसी संरेखण पर मोटर मार्ग का निर्माण किया जाएगा। तद्नुसार ही वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव का गठन किया गया है। अतः लो0नि0वि0 के पक्ष में वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव प्रस्तुत है।

अमीन
प्रान्तीय खण्ड,लो0नि0वि0,
अल्मोड़ा

कनिष्ठ अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड,लो0नि0वि0,
अल्मोड़ा

सहायक अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड,लो0नि0वि0,
अल्मोड़ा

अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड,लो0नि0वि0,
अल्मोड़ा